जैतारण
रायपुर
ब्यावर
मसूदा
बिजयनगर
बदनौर
टॉडगढ़

श्याम भक्तों ने निकाली भव्य निशान यात्रा

श्याम बालाजी मंदिर में मनाया श्याम बाबा का उत्सव

निशान यात्रा निकालते श्याम भक्त। -कमल जलवानियां

ब्यावर। शहर के उदयपुर रोड कृषि मंडी चौराहा स्थित श्याम बालाजी मंदिर पर गुरुवार को श्याम बाबा का उत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस मौके पर श्याम भक्तों की ओर से श्याम बाबा की भव्य निशान यात्रा निकाली गई। श्याम बालाजी मंदिर से निकली भव्य निशान यात्रा में बडी संखया में महिला तथा पुरूष श्याम भक्तों ने हाथों मे श्याम बाबा का निशान लेकर शिरकत की।

इस दौरान सभी श्याम भक्त डीजे पर बजती फागुणी गीतों की धुन पर नाचते-गाते हुए श्याम बाबा के जयकारे लगाते हुए चल रहे थे। मंदिर परिसर से शुरू हुई निशान यात्रा सेंटपाल स्कूल, कृषि मंडी, महाराणा प्रताप सर्किल, बाबा रामदेव मंदिर से ब्रह्मानंद मार्ग से होते हुए आशापुरा माता मंदिर होते हुए पुनः श्याम बालाजी मंदिर पहुंचकर संपन्न हुई। निशान यात्रा का मार्ग में जगह-जगह श्याम भक्तों ने पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। निशान यात्रा के दौरान श्याम बाबा की भव्य अलौकिक पालकी सजाई गई पुजारी अरविंद पारीक, कार्यक्रम संयोजक नारायण लाल, रामपाल, गजानन, जीवन, दामोदर प्रसाद, अशोक रावल, अनिल जैन, छोटू लाल सोनी, दिनेश पारीक, राहुल पारीक, साहिल सोलंकी तथा अनिल रावत सहित बड़ी संख्या में श्यामप्रेमी शामिल रहे।

झंडारोहण तथा अखंड मंगल पाठ के साथ तीन दिवसीय वार्षिकोत्सव शुरू

ब्यावर। शहर के फतेहपुरिया चौपड़ स्थित खाटू श्याम मंदिर का तीन दिवसीय 17वां फागोत्सव गुरुवार से शुरू हुआ। वार्षिकोत्सव का शुभारंभ मंदिर प्रमुख सुनिल कौशिक व उत्सव संयोजक विनेश कौशिक सपत्नीक झंडारोहण कर किया। झंडारोहण के बाद मंदिर परिसर में अखंड ज्योत जलाई गई तथा मंगल पाठ शुरू हुआ। मंगल पाठ के दौरान बड़ी संख्या में श्याम भक्तों ने मंगलपाठ किया। शाम के समय पाठ पूर्ण होने पर बाबा की महा आरती उतारी गई। मंदिर प्रमुख सुनिल कौशिक के अनुसार वार्षिकोत्सव के दूसरे शुक्रवार सुबह शोभायात्रा निकाली जाएगी। इसमें कलश धारण किए महिलाएं एवं निशान लिए भक्त शामिल होंगे। शोभायात्रा के दौरान बाबा को नगर भ्रमण करवाएंगे। इसी प्रकार शनिवार को रात 8 बजे से फतेहपुरिया चौपड़ पर भजन संध्या का आयोजन किया जाएगा।

मोदी की सभा में भीड़ जुटाने के लिए किया प्रचार

ब्यावर। पीएम मोदी की सभा का प्रचार प्रसार करते भाजपा पदाधिकारी। -कमल जलवानियां

ब्यावर। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की 28 फरवरी को अजमेर में होने वाली सभा में भीड़ जुटाने के लिए भाजपाइयों की ओर से व्यापक स्तर पर प्रचार-प्रसार किया जा रहा है। गुरुवार सुबह पूर्व सभापति नरेश कनौजिया अपने समर्थकों के साथ अजमेरी गेट से बाजार में निकले एवं व्यापारियों, दुकानदारों, आमजन को मोदी की सभा के बारे में जानकारी देते हुए अधिक से अधिक संख्या में शरीक होने का आग्रह किया। कनौजिया कार्यकर्ताओं के साथ जुलूस के रूप में बाजार में निकले और आमजन को पीले चावल देकर सभा में शरीक होने का निमंत्रण भी दिया। इस दौरान नरेन्द्र मोदी के समर्थन में जोरदार नारे भी लगाए। इस दौरानपूर्व सभापति शशि सोलंकी, नरेन्द्र चौहान, पूर्व पार्षद ईश्वरशरण तंवर, बबलू चौहान, हंसराज शर्मा, सुनिता भाटी, अमित बंसल, अंगदराम अजमेरा, भूपेन्द्र भोजक, रामसिंह, मनीष मेहता, सुरेन्द्र सोनी, संजय घीया, राधेश्याम प्रजापति, ललिता जालान, मुकेश गर्ग, वीरेन्द्र यादव आदि अनेक भाजपाई कार्यकर्ता मौजूद थे।

खुशी को सीएस एग्जीक्यूटिव इंटर परीक्षा में 14वीं रैंक

ब्यावर। खुशी भराड़िया पुत्री विकास भराड़िया निवासी लोकाशाह नगर, ब्यावर ने इंस्टीट्यूशन ऑफ कंपनी सेकेट्रीज ऑफ इंडिया द्वारा आयोजित सीएस एग्जीक्यूटिव परीक्षा (दिसंबर 2025 सत्र) में अखिल भारतीय स्तर पर 14वीं रैंक प्राप्त कर शहर एवं समाज का नाम गौरवांवित किया है। घोषित परिणाम के अनुसार खुशी भराड़िया ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए यह उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की।

प्राइवेट बसों के चक्के जाम, रोडवेज में बढ़ा यात्रीभार

ब्यावर। परिवहन विभाग की ओर से निजी बस संचालकों के खिलाफ की जा रही कार्रवाई के कारण पिछले तीन दिन से प्राइवेट बसों के चक्का जाम होने से रोडवेज बस स्टैंड पर यात्रियों की भारी भीड़ उमड़ रही है। जबकि निजी टैम्पो एवं टैक्सी संचालकों की भी पो बारह हो गई है। मनमाने किराए से यात्रियों को आर्थिक नुकसान का सामना करना पड़ रहा है।

उधर एकाएक बढ़े यात्रीभार ने आगार के पसीने छुड़ा दिए है। पर्याप्त बसों की व्यवस्था नहीं होने के कारण भार के अनुरूप बसों की व्यवस्था नहीं जुटा पा रहा है। जिसके चलते यात्रियों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। खास कर मसूदा, केकड़ी, विजयनगर, भीलवाड़ा, बदनौर, आसींद की ओर यात्रा करने वाले लोगों को दिक्कत हो रही है। बदनौर, आसींद मार्ग पर तो रोड़वेज बसे संचालित भी नहीं हो रही है। उक्त पूरे मार्ग पर निजी बस संचालकों का ही एकाधिकार है। ऐसे में इस समय निजी बसों के बंद होने से उक्त मार्ग की ओर यात्रा करने वाले यात्रियों को परेशानी देखनी पड़ रही है।

भजन बिना भवसागर पार होना असंभव

ब्यावर। शहर के अजमेरी गेट के बाहर स्थित रामस्नेही रामद्वारा में रामद्वारा के संस्थापक स्वामी विश्वासी राम जी महाराज की 165वीं बरसी महोत्सव के दौरान संतों ने श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए कहा कि इस कलियुग में भगवान के नाम और भजन ही मनुष्य को भवसागर से पार कराने का सबसे सरल और प्रभावी साधन है। उन्होंने कहा कि न तो कठिन तप, न यज्ञ और न ही केवल ज्ञान से मुक्ति संभव है, बल्कि प्रभु के सच्चे नाम स्मरण और भजन से ही आत्मा को शांति और जीवन को सही दिशा मिलती है। संतों ने कहा कि उन्होंने सदैव समाज को सही मार्ग दिखाया है। वे केवल उपदेश देने वाले नहीं, बल्कि अपने आचरण से मानवता को नई दशा और दिशा प्रदान करते हैं। संतों का जीवन त्याग, सेवा, प्रेम और समता का प्रतीक होता है, जो समाज को उन्नति की ओर ले जाता है। स्वामी श्री विश्वासी राम जी महाराज की बरसी के उपलक्ष्य में आयोजित 10 दिवसीय विशेष कार्यक्रम के अंतिम दिन अजमेरी गेट स्थित रामद्वारा में संत गोपाल राम महाराज के सानिध्य में बरसी महोत्सव का विधिवत विराम हुआ। इस अवसर पर आयोजित सत्संग में संतों ने मानव सेवा को ही ईश्वर की सच्ची भक्ति बताते हुए कहा कि जरूरतमंदों की सहायता, परोपकार और सदाचार से ही जीवन सफल होता है। संतों ने कहा कि जाति-पांति, ऊंच-नीच और आपसी भेदभाव को त्यागकर प्रेम, भाईचारे और समभाव को अपनाना ही सच्चा धर्म है। भगवान का नाम स्मरण, गुरु भक्ति और माता-पिता का सम्मान मानव जीवन का आधार है। उन्होंने युवाओं को व्यसन और कुरीतियों से दूर रहकर संयमित जीवन जीने की प्रेरणा दी। कार्यक्रम के अंत में संतों के आशीर्वचन के साथ महोत्सव का समापन हुआ तथा प्रसादी वितरण किया गया।

आसरवा बने साहू समाज नवयुवक मंडल के अध्यक्ष

ब्यावर। साहू समाज नवयुवक मंडल के चुनाव बिजयनगर रोड स्थित साहू वाटिका में संपन्न हुए। जिसमें जोंटी असरवा को अध्यक्ष पद पर निर्वाचित घोषित किया गया। उन्होंने 450 मत प्राप्त कर अपने प्रतिद्वंदी को 150 वोट के अंतर से पराजित किया। असरवा के अध्यक्ष निर्वाचित होते ही उनके समर्थकों में खुशी की लहर दौड़ गई। नव निर्वाचित अध्यक्ष आसरवा ने उपस्थित सभी के प्रति कृतज्ञता प्रकट करते हुए समाज की एकजुटता पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि नवयुवक मंडल समाज की एकजुटता के लिए काम करेगा। चुनाव के दौरान सामूहिक विवाह समिति के अध्यक्ष रमेश जादम, सीताराम, गुड्डु शिशोदिया, चुनाव प्रभारी बाबूलाल अजमेरा, पिंटू आसरवा दामोदर, तारेश साहू आदि अनेक सदस्य मौजूद थे। चुनाव संपन्न होने के बाद साहू वाटिका से एक विजय जुलूस निकाला गया। बैंड-बाजों के साथ जुलूस पाली बाजार होते हुए सेंदड़ा रोड़ स्थित होटल राजमहल पहुंचा।

मसूदा में एडीजे कोर्ट खोलने की मांग

बार एसोसिएशन मसूदा ने कलक्टर को दिया ज्ञापन

ब्यावर-मसूदा। मसूदा बार एसोसिएशन ने गुरूवार को जिला कलक्टर कमलराम मीणा को एक ज्ञापन देकर मसूदा में अपर जिला एवं सेंशन न्यायालय खोलने की मांग की है। ज्ञापन में बताया गया कि मसूदा विधायक वीरेन्द्रसिंह कानावात ने विधानसभा में एक सवाल उठाते हुए बिजयनगर में एडीजे न्यायालय खोलने की अनुशंषा की है। जबकि मसूदा विधायक को पूर्व में बार एसोसिएशन मसूदा की ओर अवगत करवाकर मसूदा में अपर जिला एवं सेशन न्यायालय खुलवाये जाने अथवा पूर्व में कार्यरत जिला मुख्यालय ब्यावर में ही यथावत रखे जाने की मांग की गई थी। चूंकि बिजयनगर में एडीजे न्यायालय खुलने से मसूदा के अधिवक्ताओं को काफी परेशानी का सामना करना पड़ेगा। ज्ञापन में अधिवक्ताओं ने बिजयनगर के बजाए मसूदा में ही एडीजे न्यायालय खोलने अथवा पूर्व की भांति ब्यावर में ही यथावत रखने की मांग की है। ज्ञापन देने वालों मे मसूदा बार से अधिवक्ता अनिलकुमार मिश्रा, सुबोध व्यास, सलीम मोहम्मद, ब्यावर बार से रामस्वरूप सेवलिया, हनुमानसिंह राठौड़, सुनील चौहान, शैलेन्द्र गंडेर आदि शामिल थे। उधर जिला बार एसोसिएशन संस्था ने भी मसूदा विधायक की मांग का विरोध करते हुए गुरुवार को कार्य बहिष्कार किया। कार्य बहिष्कार के दौरान आवश्यक प्रवृति के मामलों को छोड़कर सभी न्यायिक कार्य बंद रखा। जिसके कारण पक्षकारों को परेशानी का सामना करना पड़ा। जिला बार की ओर से जिला न्यायाधीश को लिखे पत्र में बताया गया कि विधायक कानावत की ओर से उठाए गए इस सवाल से वर्तमान जिला न्यायालय के क्षेत्राधिकार को समाप्त करने की मंशा साफ जाहिर होती है।

नशा मुक्त ब्यावर अभियान को लेकर जिलास्तरीय समीक्षा बैठक

ब्यावर। जिले को नशा मुक्त बनाने के उद्देश्य से सजग व सक्रिय जिला प्रशासन की गुरूवार को जिला कलक्टर की अध्यक्षता में एक समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में अतिरिक्त जिला कलक्टर ब्रह्मलाल जाट, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक भूपेन्द्र शर्मा, सीएमएचओ डॉ. संजय गहलोत सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में मादक पदार्थों की रोकथाम एवं प्रभावी नियंत्रण के लिए व्यापक रणनीति पर विस्तृत चर्चा की गई।

राष्ट्रीय नारकोटिक्स हेल्पलाइन मानस-1933 के अधिकतम प्रचार-प्रसार पर विशेष बल देते हुए आमजन से अपील की गई कि नशे से संबंधित किसी भी प्रकार की सूचना इस हेल्पलाइन पर सांझा करें। मानस हेल्पलाइन 1933 के माध्यम से प्राप्त सूचनाओं के आधार पर प्रशासन एवं संबंधित एजेंसियों द्वारा जिले में दो स्थानों पर प्रभावी कार्यवाही की गई है। बैठक में शिक्षण संस्थानों, लाइब्रेरी एवं बस स्टैंड के आसपास स्थित पान-चाय की दुकानों पर मादक पदार्थों के बेचान/सेवन एवं ई-सिगरेट पर औचक निरीक्षण, डार्क नेट के माध्यम से ड्रग्स तस्करी पर रोक के लिए साइबर पेट्रोलिंग में वृद्धि तथा साइबर थाने द्वारा विशेष निगरानी तथा अभियांत्रिकी कॉलेजों-विश्वविद्याल यों के शिक्षकों व विद्यार्थियों को पुलिस मित्र बनाकर जन जागरूकता एवं सूचना तंत्र को सुदृढ करने का निर्णय लिया गया।

रसद विभाग ने जब्त किए 48 एलपीजी गैस सिलेण्डर

ब्यावर। कार्यवाही के दौरान जब्त किए गए गैस सिलैण्डर। -नवज्योति

ब्यावर। रसद विभाग द्वारा अभियान के तहत कार्रवाई करते हुए 48 गैस सिलेण्डर जब्त किए है। जिला रसद अधिकारी अब्दुल सादिक ने बताया कि घरेलू एलपीजी सिलेण्डरों के व्यवसायिक उपयोग, अवैध रिफिलिंग, अवैध भण्डारण और कालाबाजारी जैसी गतिविधियो पर अंकुश लगाने तथा दुरूपयोग रोकने के लिए कार्यवाही की जा रही है। नृसिंह मंदिर गली में सघन रिहायशी क्षेत्र में स्थित एक पुराने मकान में भंडारण स्थल बना रखा था तथा मौके पर गैस सिलेण्डर की बिक्री की जाती है।

कार्यवाही के दौरान मौके पर उनके पास गैस सिलेण्डरों के प्राप्त खरीद के बिल वाउचर नहीं पाए गए। गैस सिलेण्डर बिक्री की अनुमति नहीं होना पाया गया, गैस उपभोक्ता डायरी नहीं पाई गई एवं सुरक्षा मानकों का स्पष्ट उलंघन पाया गया तथा सिलेण्डर भण्डारण स्थल पर सुरक्षा मानको के कोई भी इंतजाम नहीं पाए गए। मौके पर कार्यवाही करते हुए 48 सिलेण्डर जब्त किए गए। जिसमें 6 सिलेण्डर वाणिज्यिक श्रेणी क्षमता 19 किलो, 35 वाणिज्यिक सिलेण्डर क्षमता 5 किलो, एवं 2 घरेलू एलपीजी सिलेण्डर एवं 5 बिना नंबर अंकित अप्रमाणित सिलेण्डर को जब्त किया गया। जब्त सभी सिलेंडर को ज्वाला गैस ऐजेंसी के सुपुर्द किया गया। कार्यवाही के दौरान डीएसओ सादिक के साथ सोहन सिंह चौहान प्रवर्तन अधिकारी एवं विक्रांत मधुरिया प्रवर्तन निरीक्षक भी मौजूद रहे।

ब्यावर। कार्यक्रम में प्रस्तुति देते बच्चे तथा अवलोकन करते अतिथि। -नवज्योति

फाल्गुन के रंग में रंगा नृसिंह अग्रसेन जैन विद्यापीठ

ब्यावर। शहर के सेंदड़ा रोड स्थित नृसिंह अग्रसेन जैन विद्यापीठ में गुरुवार को फाल्गुन मेले का आयोजन धूमधाम के साथ आयोजित किया गया। संपूर्ण विद्यालय परिसर फाल्गुन के रंग में रंगा नजर आया। कार्यक्रम का शुभारंभ वर्द्धमान शिक्षण समिति के अध्यक्ष सुनील खेतपलिया, उपाध्यक्ष एम. गौतमचंद बोहरा, मंत्री डा. नरेंद्र पारख, ब्यावर पुलिस अधीक्षक श्यामसिंह ने फीता काटकर किया।

कार्यक्रम में समिति के ज्ञानचंद बिनायकिया, सुनीलकुमार ओस्तवाल, देवराज लोढा, दीपचंद कोठारी, प्रकाश गदिया, प्रवीण खेतपालिया, उत्तमचंद, धनपत श्रीश्रीमाल, वैभव सखलेचा, गौतम बोहरा, रमेशचंद्र मेड़तवाल आदि अनेक गणमान्य लोग शरीक हुए। इस मौके पर सरस्वती वंदना के साथ भगवान महावीर स्वामी के चित्र पर माल्यार्पण कर नवकार महामंत्र की प्रस्तुति दी गई। फाल्गुन की मस्ती को प्रदर्शित करती सांस्कृतिक झलक के साथ मनोरंजन एवं रचनात्मक गतिविधियों की सुंदर प्रस्तुतियों ने दर्शकों, अभिभावकों एवं बच्चों को आनंदित किया। ब्रेक द ग्लास, स्मेल द अरोमा, बज द रिंग, बर्न कैंडल, बॉल इन बास्केट, होल्ड ब्रिक, हिट द बुल आई जैसे खेलों में बच्चों के साथ-साथ अभिभावकों ने भी उत्साहपूर्वक सहभागिता निभाई। नाज विद्यापीठ के विद्यार्थियों की ओर से फाल्गुन संगीत पर नृत्य की प्रस्तुतियों ने दर्शकों का मन मोह लिया। कार्यक्रम में खेल एवं नृत्य के साथ-साथ अभिभावकों के लिए विशेष प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया, जिनमें मेहंदी, म्यूजिकल चेयर रेस, रैंप वॉक विद किड्स जैसी गतिविधिया शामिल आकर्षक रहीं। सभी प्रतियोगिताओं के विजेताओं को अध्यक्ष खेतपालिया एवं मंत्री डा. पारख ने पुरूस्कृत किया। कार्यक्रम में अजय शर्मा, विजेंद्र प्रजापति, आशीषपाल पदावत, प्रोफेसर मदनलाल वैष्णव शकुंत. एडवोकेट नीलेश बुरड़, इशिका जैन, ललिता बल्दुआ आदि अनेक गणमान्य लोग शरीक हुए। मेले में स्वादिष्ट व्यंजनों विद्यालय की प्रधानाचार्य डा. निवेदिता पाठक ने सभी अभिभावकों एवं अतिथियों स्वागत सत्कार किया।

सामूहिक विवाह सम्मेलन 8 को

ब्यावर। वैष्णव सेवा एवं सामूहिकसमितिविह समिति के संयुक्त तत्वावधान में 8 मार्च को पहले आदर्श निःशुल्क सामूहिक विवाह सम्मेलन के लिए गुरुवार को सावा लेखन करवाया गया। समाज के अनेक गणमान्य लोग मौजूद थे। वर पक्षों को सावा सुपुर्द करते हुए समिति के पदाधिकारियों ने सम्मेलन की सफलता के लिए आवश्यक तैयारियां शुरू कर दी है।

स्वास्थ्य सेवाओं में ब्यावर जिला राजस्थान में अव्वल

मसूदा ब्लॉक पीएचसी रैकिंग में प्रथम

ब्यावर। राज्य सरकार द्वारा जनवरी 2026के लिए जारी आदर्श प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र रैंकिंग एवं जिला-ब्लॉक प्रदर्शन रिपोर्ट में ब्यावर जिले ने संपूर्ण राज्य में प्रथम स्थान प्राप्त कर स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। इसके साथ ही ब्यावर जिले का मसूदा ब्लॉक भी राज्य स्तर पर सर्वश्रेष्ठ ब्लॉक (प्रथम स्थान) पर रहा है। सीएमएचओ डॉ.संजय गहलोत ने बताया कि जारी रैंकिंग के अनुसार ओपीडी सेवाओं की उपलब्धता, संस्थागत प्रसव, दवा एवं जांच सुविधाओं की निरंतर उपलब्धता, रिपोर्टिंग की नियमितता, उपस्थिति, तथा अन्य निर्धारित संकेतकों (इंडिकेटर्स) पर ब्यावर जिले का समग्र प्रदर्शन उत्कृष्ट पाया गया। जिसके फलस्वरूप जिले को राज्य में प्रथम रैंक प्राप्त हुई है। इसी क्रम में मसूदा ब्लॉक के प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र खरवा ने भी राज्य स्तरीय आदर्श पीएचसी रैंकिंग में 7वीं रैंक प्राप्त कर जिले का नाम रोशन किया है। यह उपलब्धि पीएचसी स्तर पर प्रदान की जा रही गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाओं, बेहतर प्रबंधन तथा स्वास्थ्य कार्मिकों की प्रतिबद्धता को दर्शाती है।

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव ने किया कारागृह का निरीक्षण

बंदियों को निशुल्क कानूनी सहायता की दी जानकारी

ब्यावर। राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार गुरुवार को सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ब्यावर पंकज सांखला ने जिला कारागृह ब्यावर का औचक निरीक्षण किया गया। सचिव ने कारागृह की व्यवस्थाओं का बारिकी से जायजा लिया। निरीक्षण के समय कारागृह में कुल 122 बंदी पाए पाए गए। सचिव सांखला ने बंदियों से मुलाकात कर उन्हें उनके विधिक अधिकारों की जानकारी भी दी तथा निःशुल्क कानूनी सहायता के बारे में जागरूक किया। कारागृह के रसोई, डिस्पेंसरी, साफ-सफाई व्यवस्था, मनोरंजन कक्ष और मुलाकाती कक्ष का भी अवलोकन किया गया। साथ ही प्रिजन लीगल एड क्लिनिक के कामकाज की समीक्षा की। गई। कारागृह में संधारित विभिन्न रजिस्टरों और बंदियों के रिकॉर्ड का अवलोकन कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस अवसर पर जेलर धारासिंह, जेल स्टाफ जसराजसिंह उपस्थित थे। सचिव सांखला ने जेल प्रशासन को बंदियों के मानवाधिकारों का सम्मान करने और स्वास्थ्य एवं स्वच्छता के मानकों को उच्च बनाए रखने के निर्देश दिए।

ब्यावर। कारागृह का निरीक्षण करते न्यायिक अधिकारी। -कमल जलवानियां

बैंक ऑफ़ बड़ौदा
Bank of Baroda
शाखा– ब्यावर, जिला– ब्यावर (राजस्थान) फोन 01462–254550,
मोबाइल 8094007030, ईमेल: Beawar@bankofbaroda.com

अचल एवं चल सम्पति के विक्रय हेतु ई–नीलामी विक्रय नोटिस
परिशिष्ट–IVक [नियम 8(6) का परन्तुक देखें अचल सम्पत्ति के लिए]

प्रतिभूत हित (प्रर्वतन) नियम, 2002 के नियम 8(6) एवं 6(2) के परन्तुक के साथ पठित वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन तथा प्रतिभूति हित का प्रवर्तन अधिनियम 2002 के अधीन अचल एवं चल आस्तियों के विक्रय हेतु ई–नीलामी विक्रय नोटिस।
आम लोगों को तथा विशेष रूप से उधार लेने वाले, गिरवी रखने वाले और प्रत्याभूति–दाता को यह नोटिस दिया जाता है कि नीचे वर्णित अचल एवं चल सम्पत्तियां जो प्रतिभूत लेनदार के पास गिरवी/प्रभारित है, का कब्जा प्रतिभूत लेनदार **बैंक ऑफ बड़ौदा** के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा लिया गया है, नीचे दिये गये खाते में बकाया की वसूली के लिए "**जहां है, जैसी है, और जो कुछ भी है**" के आधार पर बेचा जायेगा। प्रत्याभूति–दाता का विवरण, गिरवी रखने वाले, गारन्टर, सुरक्षित सम्पत्ति, बकाया, आरक्षित मूल्य, ई–नीलामी की दिनांक एवं समय, अग्रिम धनराशि एवं बोली वृद्धि राशि का विवरण निम्न तालिका अनुसार होगा।

ऋणीयों, गिरवी रखने वाले एवं गारन्टरों के नाम एवं पते:– मैसर्स मदीना मिनरल्स प्रो. श्री रमजान खान चीता पुत्र श्री हाजी अल्लादीन (ऋणी), (1) खसरा नं. 4277/3376, ग्राम– रानीसागर, तह.– मसूदा ब्यावर (राज.), (2) बी ब्लॉक, सोमलपुर रोड, चन्द्रवरदाई नगर, अजमेर (राज.)
श्री रोशन काठात पुत्र श्री इस्माइल काठात (गारन्टर), प्लाट नं. 04, सोमलपुर रोड, चन्द्र वरदाई नगर, अजमेर (राज.)

बकाया:– डिमाण्ड नोटिस दिनांक:– 18/04/2025, रू. 95,80,853.53 दिनांक 28/02/2025 तक ब्याज शामिल करते हुए। **वर्तमान बकाया राशि:–** रू. 95,80,853.53 दिनांक 28/02/2025 तक ब्याज शामिल करते हुए तथा आगे का ब्याज, लागत, शुल्क, व अन्य खर्च इत्यादि।

कब्जे की स्थिति:– प्रतिकात्मक/ भौतिक कब्जा

सम्पत्ति के निरीक्षण की दिनांक व समय: **10/03/2026**, दोपहर 12:00 बजे से सायं 04:00 बजे तक

धरोहर राशि जमा करवाने की अन्तिम दिनांक: **16/03/2026**, समय: प्रात: 11:30 बजे तक।

ज्ञात ऋण भार सहित अचल सम्पत्ति का संक्षिप्त ब्यौरा, यदि कोई हो:–	आरक्षित मूल्य अग्रिम धनराशि बोली वृद्धि राशि	ई–नीलामी की दिनांक व समय
सम्पति संख्या 01– रमजान खान चीता पुत्र श्री हाजी अल्लादीन की खसरा नंबर 4178/3434, ग्राम रानीसागर, तहसील मसूदा, जिला ब्यावर स्थित भूमि एवं भवन जिसका क्षेत्रफल 1611.11 वर्गगज। चतुर्थ सीमाएं– पूर्व में अन्य भूमि, पश्चिम में प्लाट नंबर 04, उत्तर में अन्य भूमि, दक्षिण में रोड, **कब्जा– प्रतिकात्मक।** **ऋण भार:– ज्ञात नहीं।**	आरक्षित मूल्य रू. **21,70,000/-** अग्रिम धनराशि रू. **2,17,000/-** बोली वृद्धि राशि रू. **10,000/-**	**16/03/2026** दोपहर 01:00 बजे से सायं 05:00 बजे तक (प्रत्येक 5 मिनट की असीमित समयावृद्धि के साथ)
सम्पति संख्या 02– रोशन काठात पुत्र श्री इस्माइल काठात की प्लाट नंबर 04, खसरा नंबर 3434/1 एवं 3434/2, ग्राम रानीसागर, तहसील मसूदा, जिला ब्यावर स्थित भूमि एवं भवन जिसका क्षेत्रफल 1336.11 वर्गगज, चतुर्थ सीमाएं:– पूर्व में प्लाट नंबर 05, पश्चिम में प्लाट नंबर 03 राशिद अली का, उत्तर में अन्य भूमि, दक्षिण में रोड, **कब्जा– प्रतिकात्मक। ऋण भार:– ज्ञात नहीं।**	आरक्षित मूल्य रू. **20,20,000/-** अग्रिम धनराशि रू. **2,02,000/-** बोली वृद्धि राशि रू. **10,000/-**	
श्री रमजान खान चीता पुत्र श्री हाजी अल्लादीन कि औद्योगिक सम्पत्ति एवं भवन खसरा नं. 4277/3375 ग्राम–रानीसागर, तह.– मसूदा जिला ब्यावर (राज.) में स्थित है जिसका क्षेत्रफल 3876.84 वर्गगज, चतुर्थ सीमाएं:– पूर्व में अन्य औद्योगिक सम्पत्ति, पश्चिम में अन्य औद्योगिक सम्पत्ति, उत्तर में अन्य औद्योगिक सम्पत्ति, दक्षिण में रोड, **कब्जा– भौतिक। ऋण भार:– ज्ञात नहीं।**	आरक्षित मूल्य रू. **59,20,000/-** अग्रिम धनराशि रू. **5,92,000/-** बोली वृद्धि राशि रू. **25,000/-**	**16/03/2026** दोपहर 01:00 बजे से सायं 05:00 बजे तक (प्रत्येक 5 मिनट की असीमित समयावृद्धि के साथ)

विक्रय के निबंधन और शर्तों के ब्यौरे के लिए कृपया दिए गए लिंक **https://www.bankofbaroda.in/e-auction.htm** तथा **Auction portal (https://Baanknet.Com)** को देखें। इसके अतिरिक्त, संभावित बोलीदाता प्राधिकृत अधिकारी से फोन नं. 01462-254550, मो. 8094007030 पर सम्पर्क कर सकते है।
तारीख 24/02/2026
स्थान: ब्यावर (राज.)
प्राधिकृत अधिकारी,
बैंक ऑफ बड़ौदा
अधिक विवरण हेतु स्कैन करे
DNJ-388837